स्वच्छ व संवेदनशील प्रशासन देना सरकार का ध्येय : मुख्य सचिव पंत

उदयपुर में मुख्य सचिव ने संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक ली।

- विभिन्न योजनाओं व कार्यों की प्रगति जानी, दिए निर्देश

उदयपुर, (कासं)। प्रदेश के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि प्रदेशवासियों को स्वच्छ और संवेदनशील प्रशासन देना मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं राज्य सरकार का मुख्य ध्येय है। अधिकारी इस बात पर विशेष ध्यान देवें कि आमजन की परिवेदनाओं पर त्वरित कार्यवाही होनी चाहिए तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण राहत भी मिलनी चाहिए। इसमें किसी प्रकार की कौताही नहीं बरती जानी चाहिए।

पंत शनिवार को जिला परिषद सभागार में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्य सचिव ने संभाग के उदयपुर, भीलवाड़ा, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ और सलूम्बर जिलों के कलक्टर-एसपी के साथ ही संभाग स्तरीय विभागीय अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं व कार्यों की प्रगति रिपोर्ट तथा कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की महत्वपूर्ण और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

मुख्य सचिव समय की पाबंदी को लेकर काफी संवेदनशील हैं। समीक्षा बैठक का समय 10 बजे निर्धारित था। मुख्य सचिव इससे 10 मिनट पहले ही बैठक स्थल पर पहुंच गए। संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट, आईजी अजयपाल लांबा, मुख्य वन संरक्षक एसआर मूर्थी, जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल आदि ने उनका अभिवादन किया। मुख्य सचिव श्री पंत ने सर्वप्रथम सभी अधिकारियों से औपचारिक परिचय प्राप्त किया। बैठक में मुख्य एजेण्डा पर चर्चा से पूर्व मुख्य सचिव ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए गुड गवर्नेंस के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि आज हम सभी उस पोजिशन में हैं, जहां से आमजन की समस्याओं के निस्तारण कर सकते हैं, अपने क्षेत्र, प्रदेश और देश के विकास में योगदान दे सकते हैं। आपकी भूमिका राज्य सरकार की इमेज बिल्डिंग करती है। अपनी भूमिका को कम नहीं आंकें। आप राज्य सरकार के लिए सबसे महत्वपूर्ण मानव संसाधन है। मुख्य सचिव ने कहा कि आम आदमी के जीवन को सरल और आसान बनाना मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्य सरकार की मंशा है। आम व्यक्ति छोटे-मोटे कामों के लिए उलझा रहे यह उचित नहीं है।

मुख्य सचिव ने प्रदेश में वर्षा के दौरान बनने वाले हालातों की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि हमारी थोडी सी सतर्कता कई लोगों का जीवन बचा सकती है। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्र में आपदा प्रबंधन को मजबूत करने, नालों-जलाशयों पर चेतावनी बोर्ड सुनिश्चित कराने, नदी-नालों की सफाई करवाने, खुले नालों को ढंकवाने आदि के निर्देश दिए।मुख्य सचिव ने सर्वप्रथम राजस्व से जुड़े विभिन्न प्रकरणों की बिन्दुवार समीक्षा की। इसमें भू-रूपांतरण, नामांतरण, राजकीय भूमि को लेकर चल रहे न्यायिक प्रकरणों, योजनाओं और मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं को लेकर अपेक्षित भूमि आवंटन प्रकरणों, भूमि अवाप्ति और मुआवजा वितरण से जुड़े प्रकरणों आदि की जिले और संभागवार समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक विषय में लंबित प्रकरणों को लेकर संबंधित जिला कलक्टर्स से फीडबैक लेते हुए प्रकरणों के समय पर निस्तारण को लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी फाइल अनावश्यक पेण्डिंग नहीं रहनी चाहिए। सरकार प्रदेशवासियों को स्वच्छ प्रशासन देना चाहती है। इसमें दूदू जैसे घटनाक्रमों के लिए कोई जगह नहीं है। जो काम रूटिन में हो सकते हैं, वह किसी भी स्थिति में लंबित नहीं रहें। सचिवालय स्तर के इशु हो तो उन्हें तत्काल संबंधित उच्चाधिकारी के ध्यान में लाकर निस्तारित कराने के प्रयास किए जाएं। बैठक में मुख्य सचिव पंत ने प्रशासन सहित सभी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों के क्षमतावर्द्धन को लेकर लांच किए गए आईगॉट मिशन कर्मयोगी की प्रगति की भी समीक्षा की। उदयपुर संभाग में प्रशासनिक स्तर पर 78 प्रतिशत कार्मिकों का मिशन कर्मयोगी में पंजीयन हुआ है। वहीं 2152 लोगों ने विभिन्न प्रशिक्षण भी प्राप्त कर लिए हैं। इस पर पंत ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह केंद्र सरकार का महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। नीति आयोग की गत 27 जुलाई को हुई बैठक में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर फोकस किया था। उन्होंने मिशन कर्मयोगी में प्रशासन सहित सभी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों का शत प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करते हुए अपेक्षित प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव पंत ने पीएम सूर्यघर मुत्त बिजली योजना की समीक्षा की। इसमें अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान अव्वल है, ऐसे में पीएम सूर्यघर योजना में भी राजस्थान पूरे देश में टॉप पर रहना चाहिए। मुख्यमंत्री महोदय की भी यही प्राथमिकता है। उन्होंने विद्युत निगम के अधिकारियों को और अधिक गंभीरता से कार्य करने तथा सूर्यघर बिजली योजना में जल्द से जल्द अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में पंत ने संभाग में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने तथा अवैध बजरी खनन पर अंकुश को लेकर की गई कार्यवाहियों की भी समीक्षा की। पुलिस महानिरीक्षक अजयपाल लांबा ने जिले वार की गई कार्यवाही से अवगत कराते हुए चुनौतियों पर भी चर्चा की। साथ ही अवैध बजरी खनन व परिवहन रोकने के लिए सी-विजिल एप की तर्ज पर एप लांच किए जाने सहित कुछ सुझाव भी दिए। महिलाओं के विरूद्ध अपराधों पर चर्चा करते हुए आईजी लांबा ने अवगत कराया कि उदयपुर संभाग में महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों में पिछले वर्ष की तुलना में 14 फीसदी कमी आई है। मुख्य सचिव ने संभाग के सभी जिलों की कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रशासन और पुलिस से जुड़े सभी अधिकारियों की सक्रियता के चलते राज्य में शांति व्यवस्था बनी हुई है। बैठक में आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ विपिन माथुर ने रैफरल मरीजों को त्वरित उपचार मुहैया कराने के लिए आरएनटी मेडिकल कॉलेज और संबद्ध चिकित्सालयों में लागू किए गए सेतु प्रोजेक्ट का प्रजेंटेशन दिया।

नई सिटी बसों की मिली सौगात

उदयपुर, (कासं)। शहरी यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने एवं आमजन को किफायती दरों पर आवागमन का साधन उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा दो रूटों (बड़ी से गीतांजलि हॉस्पिटल एवं चेतक से कलड़वास) के बीच संचालित होने वाली आठ नई सिटी बसों की सौगात दी है। उक्त दो मार्गों पर सिटी बसों के संचालन से शहर से सटे ग्रामीण इलाकों के आमजन, नौकरीपेशा, मजदूर एवं विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।

शनिवार को अल्प प्रवास पर उदयपुर आए प्रदेश के डिप्टी सीएम डॉ प्रेमचंद बैरवा ने नगर निगम प्रांगण में विधिवत रूप से बसों की पूजा अर्चना कर हरी झंडी दिखाते हुए बसों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ बैरवा ने कहा कि उदयपुर में नागरिकों के आवागमन को सुगम बनाने एवं शहर की कनेक्टिविटी को उत्कृष्ट स्तर पर ले जाने की दिशा में नगर निगम द्वारा संचालित सिटी बसों की शहरवासियों सौगात दी है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह बस सेवा न केवल यात्रियों को सुविधाजनक एवं किफायती परिवहन प्रदान करेगी, अपितु समग्र क्षेत्र की कनेक्टिविटी को भी उल्लेखनीय रूप से बेहतर बनाएगी। इस दौरान उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, शहर विधायक ताराचंद जैन, महापौर जीएस टांक, सहित नगर निगम पार्षद , निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।नगर निगम गैराज समिति अध्यक्ष मनोहर चौधरी ने बताया कि बड़ी से गीतांजलि हॉस्पिटल के बीच चलने वाली सिटी बसें बड़ा-देवाली-फतेहपुरा-चेतक-कोर्ट चौराहा-देहली गेट-सूरजपोल-सेवाश्रम-सेक्टर 3 से 6-सेटेलाइट हॉस्पिटल-गीतांजलि हॉस्पिटल से होते हुए एकलिंगपुरा तक जाएगी।

सार-समाचार

राठौड़ को अमृता देवी विश्नोई पुरस्कार

उदयपुर, (कासं)। वाइल्ड एंड स्ट्रीट ऐनिमल रेस्क्यू सोसाइटी के फाउंडर पदम सिंह राठौड़ को वन्यजीवों के संरक्षण, सुरक्षा बचाव, पुनर्वास एवं उनके अधिकारों के लिए लड़ने हेतु गत दिनों जयपुर में आयोजित 75वे राज्य स्तरीय वन महोत्सव में मुख्यमंत्री भजन लाल और वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने अमृतादेवी विश्नोई पुरस्कार देकर सम्मानित किया।उल्लेखनीय है कि राठोड पिछले 29 सालों से वन्यजीवों के सरक्षण हेतु प्रयासरत है तेंदुवा, पेंगोलिन और सरीसृपों हेतु राजस्थान में उनके प्रयास सराहनीय है। उन्होंने 5 बार वन्यजीव बचाओ अभियान के तहत मोटरसाइकिल से भारत यात्रा भी की वही राजस्थान में इथिकल रेस्क्यूर की अलख जगाने की अनूठी पहल की है वही घरों में तोतो आदि पक्षियों आदि के पालने पर लोगो को बताया कि ये एक अपराध है जिसके कारण लोगो मे जागरूकता आई है और लोगो ने इनको पालना काफी हद तक कम कर दिया वही वन्यजीवों जैसे नेवले आदि के बालों के बनने वाले कलर ब्रश का विरोध करने में भी पहल की।

मटकी फोड़ प्रतियोगिता 27 को

उदयपुर, (कासं)। धर्मोत्सव समिति मेवाड़ उदयपुर द्वारा भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष में दूसरे दिन नंद महोत्सव के अवसर पर जगदीश चौक प्रांगण में दधिका उत्सव के अंतर्गत मटकी फोड़ प्रतियोगिता होगी। समिति प्रवक्ता राजेंद्र सेन ने बताया कि इस बार भगवान श्री कृष्ण की जन्माष्टमी 27 अगस्त को जगदीश चोक स्थित प्रभु श्री जगन्नाथ मंदिर में मनाई जाएगी। इस दिन मंदिर प्रांगण में दोपहर को नंद महोत्सव मनाया जाएगा, ढाढण धाधीन के नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवम पारंपरिक भजनों के कार्यक्रम पुजारी परिषद की देखरेख मे होंगे ।वही शाम को 4:30 बजे धमौत्सव समिति मेवाड़ उदयपुर द्वारा आमजन के लिए होगा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवम दधिका फोड़ प्रतियोगिता, जिनमे सैंकड़ों भक्तगण शामिल होंगे। धर्मोत्सव समिति मेवाड़ उदयपुर के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक जगदीश चोक कार्यालय में समिति संरक्षक रमेश लालवानी, अध्यक्ष दिनेश मकवाना के सानिध्य में आयोजित की गई।

अभिनन्दन समारोह 25 को

उदयपुर, (कासं)। सिक्किम के नवनियुक्त राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर का सार्वजनिक अभिनंदन समारोह 25 अगस्त को उदयपुर में सुखाडिया रंगमंच पर आयोजित होगा। उक्त निर्णय सर्व समाज सिरमौर सम्मान समारोह समिति की पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में किया गया। बैठक में इस आयोजन के लिये स्वागत समिति गठित करने का निर्णय लिया गया।

सार-समाचार

रोटी बैंक के लिए सहयोग राशि दी

उदयपुर, डूंगरपुर (कासं)। कोई भी व्यक्ति भूख नहीं सोए के उद्देश्य से पूर्व सभापति केके गुप्ता की प्रेरणा के साथ सामान्य चिकित्सालय परिसर में संचालित की जा रही रोटी बैंक को आर्थिक सहयोग प्रदान करते हुए राजस्थान पेंशन समाज जिला शाखा डूंगरपुर द्वारा रोटी बैंक पदाधिकारी को सहयोग राशि सौंपी गई। पेंशनर समाज से जुडे हुए 28 पदाधिकारी सर्वश्री सुबोध माथुर, नवनीत वल्लभ जोशी, विनय शर्मा, भुवनेश्वर चौबीसा, दिनेश चंद्र श्रीमाल, सुरेश टेलर, चंदू पटेल, त्रिलोक कुमार चौबीसा, विश्व कृष्ण द्विवेदी, हरिराम मीणा, जगदीश वैष्णव, कृष्ण लाल जोशी, रामलाल पाटीदार, प्रेमांशु राम मेहता, नागेंद्र प्रसाद दीक्षित, कन्हैयालाल जैन, मुकुट चौबीसा, यशवंत चौबीसा और सत्य कुमार चौबीसा द्वारा सहयोग राशि भेंट की गई। वही, पेंशनर समाज की 9 उप शाखाएं दौवडा, चितरी, सीमलवाडा, चिखली, बिछीवाडा, साबला, आसपुर, सागवाडा और झोथरी से भी पदाधिकारी ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इस प्रकार कुल 86 हजार 800 रूपये की राशि रोटी बैंक को प्राप्त हुई।

जान से मारने की धमकी दी

उदयपुर, (कासं)। धानमण्डी थाना पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ पीडित को जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडत मुकेश पुत्र नारायणलाल सालवी निवासी सालेडा भींडर हाल अश्विनी बाजार ने आरोपी नारायण मेनारिया, दिनेश मेनारिया तथा मनीष जोशी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मैं मोबाइल रिपेयरिंग का काम करता हूं। दिनेश ने मुझे फोन कर मोबाइल सामान खरीदने की बात कही। उसे मैंने नेहरू बाजार बुलाया जहां रजत इंटरप्राईजेज पर पहुंच कर माल खरीदने की बात कर रहे थे। इसी दौरान आए नारायण व साथी ने मेरे जातिगत गाली गलोज कर मेरे साथ मारपीट की तथा मोबाईल छीन ले गए।

मारपीट कर नकदी छीनी

उदयपुर, (कासं)। सूरजपोल थाना क्षैत्र में दो बदमाश टेक्सी चालक के साथ मारपीट कर नकदी छीन ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार टेक्सी चालक दिवान शाह कॉलोनी गली नं. 7 सूरजपोल निवासी गोस मो. पुत्र बाबू खां ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 8 अगस्त रात मैं अपनी कार सेठ के कार्यालय के बाहर खड़ी कर पैदल उदियापोल पेट्रोल पंप के सामने रोड़ से घर लौट रहा था। इस दौरान बीडा निवासी राजा व साथी ने बीच रास्ते मुझे रोक शराब के लिए रूपये मांगे। इंकार करने पर मेरे साथ मारपीट कर जेब से 9 हजार रूपये नकदी छीन ले गए।

डोडा चूरा बेचने वाला गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)।खेरोदा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान डोडा चुरा बेचने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह जैन के सुपरविजन में खेरोदा थानाधिकारी रामेंग पटीदार ने 9 अगस्त िके प्रकरण संख्या 118/24 एनडीपीएस एक्ट थाना भीण्डर में दो माह पूर्व अवेध डोडा चुरा बेचने के मामले में दर्ज प्रकरण प्रकरण में फरार खेमराज पुत्र नंदा जी निवासी सेमलिया डूंगला चित्तौडगढ को डूंगला चौराहे से डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

बैंक में चोरी का प्रयास

उदयपुर, (कासं)। वल्लभनगर थाना पुलिस ने कस्बे में स्थित मरूधरा बैंक में चोरी का प्रयास करने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्रापत जानकारी के अनुसार 5 अगस्त रात में अज्ञात चोरों ने वल्लभनगर कस्बे में स्थित राजस्थान मरूधरा ग्राामीण बैंक के पीछे की दीवार तोड़ अंदर घुस कर चोरी का प्रयास किय लेकिन स्ट्रोंग रूम नहीं खुलने व तलाशी में अन्य कीमती सामान नहीं मिलने पर पकडे जाने के भय से चोर फरार हो गए। दूसरे दिन इसका पता चलने पर राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक शाखा वल्लभनगर के प्रबंधक नरेन्द्र कुमार दवे ने पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

दुष्कर्म का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। झांसे में रख कर पीडिता के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी रोशनजी की बाडी सविना सेक्टर 12 निवासी गजेन्द्रसिंह पुत्र उदयसिंह चौहान व उसकी पत्नी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडिता ने बताया कि लंबे समय से आरोपी से परिचय होकर आनाजाना लगा रहता है। 3 अगस्त को आरोनी ने विश्वास में लेकर बुलावे पर मैं आरोपी के बताए स्थान मिली। जहां गजेन्द्र सिंह ने मेरे साथ दुष्कर्म किया।

सम्मान पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे

उदयपुर, (कासं)। दक्षिण राजस्थान के प्रतिष्ठित वीआईएफटी कॉलेज की ओर से राज्यस्तरीय पिम्स राजस्थान अकेडमिक अवार्ड में विद्यार्थी-शिक्षक सम्मान समारोह शनिवार को आयोजित हुआ। समारोह में 400 से अधिक विद्यार्थियों और शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक, रैम्प वॉक कर दर्शकों को ऊँचाइयों पर पहुंचा दिया।

संघ चेयरमेन आशीष अग्रवाल ने बताया कि कॉलेज में हुए पिम्स राजस्थान अकेडमिक अवार्ड में

- वीआईएफटी का राज्यस्तरीय अवार्ड समारोह सम्पन्न

बारहवीं कक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले तथा अंग्रेजी व गणित में 85 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों सहित उल्लेखनीय योगदान करने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर सहशैक्षणिक गतिविधियों में विशिष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का अभिनन्दन किया।

वीआईएफटी के राज्यस्तरीय अवार्ड समारोह में उपस्थित विद्यार्थीगण व शिक्षक।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विलास जानवे ने कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढता है साथ ही वीआईएफ की यह पहल भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करेगी। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर श्रीनिवासन अय्यर ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों का निस्वार्थ भाव से भविष्य उज्ज्वल बनाने का प्रयास करते हैं उनका सम्मान करना सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम में वीआईएफटी की डायरेक्टर डॉ. रिमझिम गुप्ता, प्रिंसिपल विप्रा सुखवाल तथा स्टाफ सदस्यों का सहयोग रहा, जिन्होंने विद्याथियो को विभिन्न शैक्षणिक और सह शैक्षणिक गतिविधियों के लिए प्रेरित किया। संचालन डॉ. नरेंद्र गोयल एवं ज्योति कटारिया ने किया।

नाटक का मंचन आज

उदयपुर, (कासं)। लोक कला मण्डल में काव्य नाटक क्रोचवध का मंचन रविवार को होगा। निदेशक डॉ. लईक हुसैन ने बताया कि भारतीय लोक कला मंडल में दी परफॉर्मर्स कल्चरल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी के प्रसिद्ध कवि विजेंद्र की जंयति पर क्रोचवध काव्य-नाटक का मंचन होगा।

हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ

उदयपुर, (कासं)। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने शनिवार को उदयपुर यात्रा के दौरान 'हर घर तिरंगा अभियान' का शुभारंभ किया और इसके तहत विशेष रूप से तैयार किए गए तिरंगा कैनवास पर अपने हस्ताक्षर कर अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

स्वाधीनता दिवस के उपलक्ष्य में कला एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में देश भर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, सांस्कृतिक संध्या, तिरंगा कैनवास सहित विविध आयोजन प्रस्तावित हैं। इसी क्रम में शनिवार को जिला परिषद सभागार के बाहर मुख्य सचिव पंत ने तिरंगा कैनवास पर शुभकामना संदेश अंकित कर हस्ताक्षर करते हुए अभियान का आगाज किया। संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट सहित अन्य अधिकारियों ने भी हस्ताक्षर करते हुए हर घर तिरंगा अभियान में अधिक से अधिक भागीदारी का संदेश दिया। इस दौरान नोडल अधिकारी कीर्ति राठौड़ ने जिले में इस अभियान के तहत घर-घर झंडे फहराने के लिए की जाने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी व स्पीकर देवनानी ने श्रद्धांजलि अर्पित की

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दिवंगत विधायक सलूंबर अमृत लाल मीणा के निजी आवास सलूंबर में लालपुरिया सेमारी गांव जाकर चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

विधानसभा अध्यक्ष ने स्वर्गीय मीणा के राजनीतिक और सामाजिक योगदान और क्षेत्र में उनके प्रेरणादायक नेतृत्व की सराहना की। श्री देवनानी ने

- उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी व स्पीकर देवनानी विधायक अमृत लाल मीणा के गांव पहुंचे

कहा कि स्वर्गीय मीणा जमीन से जुड़े नेता थे। स्थानीय लोगों में उनकी अच्छी छवि थी। उनके निधन से अपूर्णीय क्षति हुई है। उन्होंने स्वर्गीय मीणा के पुत्र श्री अविनाश कपिल उनकी पत्नी श्रीमती शांता देवी और पुत्री प्रियंका तथा उनके परिवारजन के प्रति अपनी संवेदनाएँ व्यक्त की और उन्हें सांत्वना दी।

इस दौरान ग्रामवासियों और परिजनों ने विधानसभा अध्यक्ष देवनानी को स्थानीय महाविद्यालय का नाम दिवंगत विधायक मीणा के नाम से करने का अनुरोध किया। इस संबंध में स्थानीय नागरिकों ने देवनानी को अनुरोध पत्र भी सोपां। देवनानी की लालपुरिया यात्रा दौरान उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। राजस्थान के उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा शनिवार को सलूंबर क्षेत्र की यात्रा पर रहे। इस दौरान वे सलूंबर के दिवंगत विधायक अमृतलाल मीणा के पैतृक गांव लालपुरिया स्थित निवास पहुंचे और यहां पर मीणा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने मीणा के परिजनों से भी मिलकर ढांढस बंधाया। इस अवसर पर, उपमुख्यमंत्री ने श्री मीणा के योगदान और उनकी इस जनजाति अंचल के विकास में दिए गए योगदान व प्रेरक नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएँ व्यक्त की। राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया भी शनिवार को सलूंबर क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने दिवंगत विधायक अमृतलाल मीणा के निवास पर पहुंच कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। गरासिया ने कहा कि मीणा इस जनजाति अंचल के विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहे और उन्होंने इस क्षेत्र को तीन बार नेतृत्व देकर जनजाति क्षेत्रवासियों के कल्याण के लिए विकास कार्यों को अंजाम दिया। उन्होंने मीणा के निधन को इस जनजाति अंचल के लिए अपूरणीय क्षति भी बताया।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने विधायक अमृत लाल को पुष्पाजंलि अर्पित की।

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, राजसमन्द

सं.2628-29 | **लोक-सूचना** | दिनांक :08/8/24

श्री इम्तियाज खां पिता श्री आफताब खां पठान निवासी आजाद नगर कांकरोली, श्री ठाकुर चपलोत पिता श्री हस्तीमल चपलोत निवासी ठाकुरगढ़ सेंवाली राजनगर व श्री मुकेश पिता श्री तेजपाल पगारिया निवासी लवाणा तहसील व जिला राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र.स.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	बागपुरा	206/7	रकबा 0.6313 हैक्टेयर भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ।

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 08/8/24 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, राजसमन्द

सं.2630-31 | **लोक-सूचना** | दिनांक :08/8/24

श्री सुनील कुमार सामरा पिता श्री भंवरलाल सामरा निवासी कांकरोली तहसील व जिला राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र.स.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	कांकरोली	482/1	रकबा 0.1198 हैक्टेयर भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ।

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 08/8/24 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, राजसमन्द

सं.2626-27 | **लोक-सूचना** | दिनांक :08/8/24

श्रीमती आशा देवी पत्नी श्री विकास खटोड निवासी आमेट तहसील आमेट जिला राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र.स.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	आसोटिया	35/1	रकबा 0.1133 हैक्टेयर भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ।

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 08/8/24 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द

(प्रपत्र संख्या-7) (देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग उदयपुर (राज.)

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

नोटिस

पत्रावली संख्या:125/2024/उदयपुर/3712 दिनांक- 8/8/24

वास्ते:-श्री चारभुजानाथ मन्दिर प्रबन्ध विकास एवं सेवा समिति,श्री चारभुजानाथ मन्दिर, ब्रम्हपुरी तहसील बडीसादडी, जिला चित्तौड़गढ़

श्री चारभुजानाथ मन्दिर प्रबन्ध विकास एवं सेवा समिति ब्रम्हपुरी तहसील जिला चित्तौड़गढ़ की और से श्री हीरालाल मेनारिया, अध्यक्ष ने प्रपत्र-6 मय विधान के प्रन्यास का पंजीयन कराने बाबत राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा-17 में आवेदन पेश किया।

अत: एव धारा 18 कि प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपयुक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम,व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे , इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60(साठ) दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां,यदि कोई हो, प्रस्तुत करें। आगामी पेशी तारीख 15/10/24 की रखी गई है। और यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 8.8.24 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

मुहर

(जतीन कुमार गाँधी)
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, उदयपुर